सं. ए-12011/1/2022-स्था. [ई-17130]
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
बायोटेक्नोलॉजी विभाग

ब्लॉक सं. 2, 8वां तल,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली - 110003

दिनांक : 21 अक्तूबर, 2022

## रिक्ति परिपत्र

**विषय: बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागीय कैंटीन में हलवाई-सह-रसोइया (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'सी' अराजपत्रित, अननुसचिवीय), सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के स्तर 3 के वेतन मैट्रिक्स (21700-69100 रुपये) के रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के संबंध में।**

बायोटेक्नोलॉजी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, के विभागीय कैंटीन में हलवाई-सह-रसोइया (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'सी' अराजपत्रित, अननुसचिवीय), सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के स्तर 3 के वेतन मैट्रिक्स (21700-69100 रुपये) में 01 (एक) रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने का प्रस्ताव है।

**2. प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता शर्तें**

**केंद्र सरकार के अधिकारी –**

क)(i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हो, या
(ii) सहायक हलवाई-सह-रसोइया वेतन मैट्रिक्स (19900-63200 रुपये) में स्तर-02 में कम से कम तीन (3) साल की नियमित सेवा ।

**तथा**

(ख) शैक्षिक अहर्ता और अनुभव :
(i) कैटरिंग में प्रमाण-पत्र/डिप्लोमा सहित 10वीं कक्षा उत्तीर्ण ।
(ii) अनुभव: वरीयता सरकारी विभाग / उपक्रम में दो वर्ष का अनुभव ।

**नोट 1 :** फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति के सीधे क्रम में हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे। इसी तरह , प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारी पदोन्नति आधार पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

**नोट 2 :** प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, 1 जनवरी, 2016 या वह दिनांक जिससे कि 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर वेतनमान में संशोधन किया गया है, की गई सेवा को पिछले वेतन स्तर/ग्रेड वेतन सेवा के रूप में विचार किया जाएगा वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संबंधित वेतन स्तर/ग्रेड वेतन या वेतनमान में प्रदान की जाने वाली सेवा को छोड़कर, जहां एक ग्रेड में एक सामान्य ग्रेड वेतन या वेतन के साथ एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतन का कोई विलय हुआ है और जहां यह लाभ केवल उन पदों के लिए विस्तारित होगा जिनके लिए वेतन स्तर/ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है।

**3. वेतन का विनियमन और प्रतिनियुक्ति की अन्य शर्तें:**

चयनित उम्मीदवार का वेतन समय-समय पर यथासंशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था.(वेतन II) दिनांक 17.06.2010 में निहित प्रावधानों के तहत विनियमित किया जाएगा।

**4. आयु सीमा :**

प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**5. प्रतिनियुक्ति की अवधि :**

प्रतिनियुक्ति की अवधि, केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**6. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति को आरक्षण :**

प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने वाले पद के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान मौजूद नहीं है

**7.** केवल निर्धारित प्रपत्र में उन पात्र उम्मीदवारों के आवेदन (दो प्रतियों में) (अनुलग्नक - I), जिन्हें चयन के पश्चात तत्काल सेवामुक्त किया जा सके, अग्रेषण अधिकारी (प्रपत्र अनुलग्नक- II में) से प्राप्त प्रमाण पत्र निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ होने चाहिए :-

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र

(ii) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई दीर्घ/लघु शास्तियों की सूची, यदि कोई हो, (यदि कोई शास्ति नहीं लगाई गई है तो एक 'शून्य' प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिए)

(iii) सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र

(iv) पिछले पांच वर्षों के लिए एपीएआर की सत्यापित फोटोकॉपी (प्रत्येक पृष्ठ एक अधिकारी द्वारा, जो अवर सचिव स्तर से कम न हो, सत्यापित हो।)

**8.** आवेदन पत्र उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों सहित **"श्री दीपक शर्मा, अवर सचिव (स्थापना), बायोटेक्नोलॉजी विभाग, कमरा संख्या 806, 8 वां तल, ब्लॉक -2, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003"** Employment News/रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर भिजवा दें। निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद प्राप्त आवेदन या उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किए गए या अपेक्षित प्रमाण पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी।

**9.** पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी और आवेदन पत्र हेतु निर्धारित प्रपत्र के लिए, डीबीटी की आधिकारिक वेबसाइट https://dbtindia.gov.in/whats-new/vacancies का अवलोकन करें।

संलग्न : अनुलग्नक - I एवं अनुलग्नक - II

**(दीपक शर्मा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

प्रति :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग के इस अनुरोध के साथ कि उनके संबंधित प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत कर्मचारियों के बीच रिक्ति परिपत्र का व्यापक प्रचार करें।
2. कैंटीन निदेशक, डीओपीटी, खान मार्केट, नई दिल्ली-110001
3. अवर सचिव (सीएस -1), डीओपीटी- डीओपीटी की आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के अनुरोध के साथ
4. एनआईसी सेल डीबीटी, डीबीटी की आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

अनुलग्नक - I

**प्रतिनियुक्ति के आधार पर बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागीय कैंटीन में हलवाई-सह-रसोइया के पद पर आवेदन करने के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम और डाक पता (स्पष्ट अक्षरों में) मोबाइल नंबर के साथ | : | |
| 2. | पिता का नाम | : | |
| 3. | जन्मतिथि | : | |
| 4. | आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु | : | |
| 5. | केंद्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | : | |
| 6. | वर्तमान विभाग/संवर्ग का नाम और पता | : | |
| 7. | शैक्षणिक योग्यता | : | |
| 8. | क) क्या आप वर्तमान संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करते हैं?; या | : | |
| | ख) क्या आपके पास वर्तमान संवर्ग या विभाग में पे मैट्रिक्स या समकक्ष में पे लेवल -2 में सहायक हलवाई-सह-रसोइया के पद पर तीन साल की नियमित सेवा का अनुभव है; तथा | : | |
| | ग) क्या आपके पास 10वीं कक्षा पास प्रमाणपत्र है या | : | |
| | घ) क्या आपके पास केटरिंग में डिप्लोमा है। | : | |
| | ड.) क्या आपके पास सरकारी विभाग या उपक्रम में खाना पकाने का दो साल का अनुभव है? | : | |

9. कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का विवरण (केंद्र सरकार की सेवा में प्रवेश लेने की तारीख से शुरू)। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।

| कार्यालय /विभाग | धारित पद | सेवा की अवधि | | मूल वेतन और वेतनमान (पूर्व-संशोधित) | नियुक्ति की प्रकृति नियमित / तदर्थ / प्रतिनियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति, अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायी | : | |
| 11. | यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति आधार पर है तो कृपया बताएं | | |
| | क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि | : | |
| | ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि | : | |
| | ग) मूल कार्यालय/संस्थान का नाम जिससे संबंधित है | : | |

12. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहेंगे। (यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से एक शीट संलग्न करें)।

13. नाम और टेलीफोन नंबर के साथ अग्रेषण प्राधिकारी का पूरा डाक पता:

दिनांक : ................

स्थान : ...............

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

(उम्मीदवार का नाम)

अनुलग्नक - II

## (नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र)

1) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती ................................. द्वारा प्रस्तुत किया गया विवरण सही है और इसे कार्यालय रिकॉर्ड से सत्यापित कर लिया गया है।

2) आवेदक का चयन होने पर उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

3) यह प्रमाणित किया जाता है कि :

   I) श्री/श्रीमती............................................................ के विरुद्ध कोई भी सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

   II) इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

   III) इनके सीआर डोजियर मूल रूप से संलग्न है/पिछले 5 वर्षों के सीआर/एपीएआर की फोटोकॉपी भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हैं। (जब भी लागू हो).

   IV) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई दीर्घ/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है।

संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर :.....................................

पदनाम :.....................................

पूरा पता :.....................................

:.....................................

दूरभाष सं.. :.....................................

कार्यालय मोहर :.....................................

स्थान :

दिनांक :

संलग्नकों की सूची :